Dainik Desh Pyar

खेलों के विकास में हरियाणा मॉडल पूरे देश में बन रहा है नज़ीर : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा- जय जवान-जय किसान और जय पहलवान के नक्शे पर चलेगा हरियाणा
बजरंग पूनिया के तीनों कोच को 4-4 लाख रूपए की सम्मान राशि देने की घोषणा
ओलम्पिक में कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया का पैतृक गांव खुडन में हुआ सम्मान
मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा - खिलाड़ियों को भरपूर सहयोग दे रही है सरकार

चंडीगढ़, 5 सितम्बर - मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा का खेल मॉडल आज पूरे देश में नजीर बन रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को संज्ञान में लेकर दूसरे प्रदेश भी हरियाणा पर विश्वास कर रहे हैं। इसी मॉडल को समझने के लिए गुजरात की एक टीम हरियाणा में 15 दिन के दौरे पर आ रही है। मुख्यमंत्री रविवार को झज्जर जिले के गांव खुड़न में ओलंपिक में मेडलिस्ट पहलवान बजरंग पूनिया के सम्मान समारोह में कांस्य मुख्यातिथि बोल रहे थे।

समारोह में मुख्यमंत्री सहित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, खेल मंत्री संदीप सिंह, सैलजा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. अशोक शर्मा, रोहतक से सांसद एवं कुश्ती संघ के प्रधान बृज भूषण शरण ने पहलवान बजरंग पूनिया का सम्मान किया। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने खुड़न गांव की ओर से रखी गई सभी मांगों के पूरा करवाने की घोषणा की जिस पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। पहलवान बजरंग पूनिया हरियाणा सरकार और गांव वालों से सम्मान पाकर अभिभूत हो गए।

सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलवान बजरंग पूनिया ने पूरे विश्व में भारत और हरियाणा का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि पीयूष चावला से कौशल विकास को तरजीह दी गई है। सम्मान समारोह में पहलवान बजरंग पूनिया के कोच द्रोणाचार्य अवार्डी सतपाल पहलवान, रामफल मान व वीरेंद्र आर्य को गुरु के रूप में सम्मान स्वरूप साफा देने की घोषणा की गई। साथ ही झज्जर जिला के मिनट सभी खेल स्टेडियम में एक-एक कोच, माली अथवा चौकीदार तथा पूल खटने की मांग देने के निर्देश खेल निदेशक को दिए।

खेलों में देश का ताज है हरियाणा और ताज में मणि के रूप में सजे हैं झज्जर के अखाड़े : धनखड़

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने पहलवान बजरंग पूनिया के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश भर के लोग हरियाणा की खेलों में देश का ताज कहते हैं तो इस ताज में मणि के रूप में झज्जर के अखाड़े हैं। झज्जर के पहलवानों ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया है। विश्व भर की हर प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाड़ियों ने मैडल जीते हैं। धनखड़ ने कहा कि हमारे युवा खेलों में आगे है, किसान फसल पैदावार में आगे है, जवान सरहद पर सुरक्षा में आगे है अब जरूरत है कि हमारे युवा उद्यमशीलता के गुर सीखें कर इस क्षेत्र में भी अग्रणी बनें। हमारे युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। इसलिए सभी तरह पर हमारे युवा हरियाणा को हर क्षेत्र में आगामी करने की कमान संभालें और प्रतिभावान खिलाड़ियों को खूब पर अभिनंदन है। धनखड़ ने कहा कि पहलवान बजरंग पूनिया ने मैडल जीतकर और मुख्यमंत्री ने सम्मान समारोह में पहुंचकर युवाओं को प्रेरित करने का काम किया है। यह प्रेरणा पैरिस ओलंपिक में बजरंग को गोल्ड जीतने और आन युवा खिलाड़ियों को लॉस एंजेलिस में मैडल जीतने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ी हमें हारकर भी जिंदगी सिखाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि आन खिलाड़ियों पर इसी तरह मान बरसाते रहें, हमारे पहलवान देश के लिए मैडल जीतकर लाते रहेंगे।

धनखड़ ने सम्मान समारोह में पहलवान बजरंग पूनिया के पिता बलवान सिंह और उनके कोचों की मेहनत को भी सलाम किया।

खेल मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हरियाणा न केवल खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ा रहा है बल्कि खिलाड़ी के चरितर होने पर भी उन्हें सशस्त्र सेवा के रूप में पहा सिविलियंटेशन सेंटर का भी निर्माण करवाते हुए हर संभव सेवा प्रदान करने के संकल्प से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि पंचकूला में पहले सेंटर के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ.अशोक शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को पूरा मान-सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में हरियाणा का डंका बज रहा है और ये उम्मीद करते हैं कि जिस प्रकार पीयूष ओलंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन कर प्रदेश व देश को गौरवान्वित किया है ठीक उसी प्रकार आने वाले 2024 पैरिस ओलंपिक में भी हरियाणा के खिलाड़ी देश का मान बढ़ाएंगे। कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा से सांसद कृशभूषण शरण ने हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को जो सहयोग प्रदेश सरकार दे रही है उसके लिए अन्य राज्य भी अब हरियाणा प्रदेश की नीति को अपनाने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

2024 में गोल्ड मेडल लगेगा लक्ष्य : बजरंग

कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से दिए जा रहे मान सम्मान पर वे आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी पैरिस ओलंपिक 2024 में वे गोल्ड मैडल लाने का लक्ष्य लेकर संघर्ष करके अभ्यास में अभी से जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि पैतृक गांव में जो उन्हें सम्मानित किया है उसका आभार वे पैरिस ओलंपिक में गोल्ड जीतकर आन लोगों का मान दुनिया में बढ़ा कर उतारेंगे।

सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा निर्मित उत्पाद से किया अभिवादन

झज्जर जिला प्रशासन की ओर से डीसी प्रभात सिंह पूनिया, एडीसी जगदीशमल, एसडीएम झज्जर विक्रम, एसडीएम बेरी रविंद्र कुमार, सीडीपीओ रेणुका चंदल ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल व अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटम भेंट की। गौरतलब है कि यह स्मृति चिह्न झज्जर जिला में चल रहे मेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए थे।

ये रहे मौजूद : इस अवसर पर बजरंग पूनिया के कोच एवं द्रोणाचार्य अवार्डी सतपाल पहलवान, रामफल मान व वीरेंद्र आर्य, बजरंग के पिता बलवान सिंह, डीसी प्रभात सिंह पूनिया, खेल निदेशक के निदेशक पंकज पैन, एसपी राजेश दुग्गल , भाजपा जिलाध्यक्ष विक्रम कंडेला, बहादुरगढ़ से पूर्व विधायक मोरा कंडेला, पूर्व मंत्री कांता देवी व मंत्री शमशेर के देश प्रभुती अनन्त खानर व जिला प्रभारी मनोज चौहान सहित झज्जर जिले की जनता ने सम्मान समारोह में पहुंचकर पहलवान बजरंग पूनिया का अभिनंदन किया।

गुरु के संस्कारों की बदौलत ही ऊंचाइयों को छूता है शिष्य - मूलचंद शर्मा

पानीपत, 5 सितंबर - हरियाणा सरकार के परिवहन, श्रम एवं कौशल विकास विभाग के चैयरमैन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अध्यापक दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु के संस्कारों से ही शिष्य ज्ञानवृद्धि की बुलंदियों को छूता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का दर्जा भगवान के दर्जे की समान दिया गया है।

परिवहन, श्रम एवं कौशल विकास मंत्री मूलचंद शर्मा रविवार को व्यावसायिक राजकीय पाठशाला संस्कृति स्कूल सेक्टर 13 में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। रक्त की एक यूनिट तीन लोगों को जीवन दान देती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले और रक्तदान के लिए शिविर आयोजित करने वाले लोगों के पीछे भी कहीं न कहीं अध्यापक, गुरु का मार्गदर्शन जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्रों में भी खेल शिक्षकों/गुरुओं की बदौलत से खिलाड़ी ही नहीं बल्कि प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों ने विश्व में अलग पहचान बनाई है। विद्यार्थियों ने पैरा ओलंपिक खेलों में गोल्ड, सिल्वर, ब्रोंज मैडल जीते हैं। ऐसे विद्यार्थी और शिक्षक समाज के प्रेरणा के स्रोत हैं।

परिवहन मंत्री ने रक्त वीरों की सम्मानित कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने पैरेंचिक कोष से पांच लाख रुपये की एम्बुलेंस अतर ट्रेनिंग सेंटर को देने की घोषणा भी की।

माता मनसा देवी परिसर में लगा रक्तदान शिविर
73 श्रद्धालुओं ने किया माता के चरणों में रक्तदान

पंचकूला, 5 सितंबर 2021 विक्रम फाउंडेशन, श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड व इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिविलियंट ब्रांच पंचकूला ने आज रविवार को माता मनसा देवी परिसर में पैरी पौंटा के सामने रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 73 रक्तदानियों ने माता के चरणों में रक्तदान किया। शिविर में मानव सेवा ब्लिटिनेस व सीरोलाईजेशन का खास ध्यान रखा गया।

विक्रम फाउंडेशन की महासचिव सायमी नेतिका विक्रम ने बताया कि भगत बैंक लिमिटेड अग्रसेन सेक्टर 6 पंचकूला की टीम ने डॉक्टर अंकित सहमे व एम केयर भगत सेंटर जोधपुर की टीम ने डॉक्टर कार्तिक अगरवाल की देखरेख में रक्त एकत्रित किया।

उन्होंने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को समय मिलता है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत कार्य सबसे बड़ी सेवा में आता है।

इस रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदानियों को प्रशस्त पत्र, मास्क, सेनेटाइजर, स्मृति चिन्ह व टिफन प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विक्रम फाउंडेशन से अविनाश सचदे, वर्षा शर्मा, पवन परमानन्द, हर्ष परमानन्द, रुपेन्द्रसुन्दर सहदेव, मनिका सहदेव, शत्रुघन कुमार, जैनेन्द्र यादव, विशाल कूँवर व अन्य सगमान्य अतिथि भी मौजूद रहे।

एमबीडी ग्रुप द्वारा उत्साह के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया

चंडीगढ़ (देश प्यार) 5 सितंबर 2021, लुधियाना/जालंधर/ चंडीगढ़: एमबीडी ग्रुप ने लुधियाना, जालंधर और चंडीगढ़ में शिक्षक दिवस मनाया। लुधियाना और जालंधर में एमबीडी सिनेपोलिस मॉल और चंडीगढ़ में सेंटर पार्क मॉल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों और एक इंटरैक्टिव शिक्षक-छात्र चर्चा सत्र सम्मिलित था। इन शहरों के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था और यह कार्यक्रम उनके अनुभवों पर केंद्रित था। शिक्षकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और आकर्षक पुरस्कार जीते। उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन के अनुभव और बेहतरीन पलों को साझा किया और विद्यार्थियों को अच्छी तरह से आगमन करने के लिए प्रेरित किया।

शिक्षकों के लिए यह कार्यक्रम उनके असली शिक्षक कार्यक्रम से शहर देने योग्य था। उन्होंने खुद को अभिभावक करने और खेल-संबंधी करने के लिए दृश्य अनुभव का भरपूर आनंद लिया और इस विश्वासपात्र पहल के लिए एमबीडी ग्रुप की सराहना की। एमबीडी ग्रुप ने शिक्षकों को फिट इंडिया रेसवा, रिडिमन थ्रू डेटान एमबीडी लुधियाना, एमबीडी सिनेपोलिस मॉल में ए फॉकलिट बॉक्स और लद्दाख से लेहपने तथा पुलवामे और ई-व्यापार समाहार के प्रतीक के रूप में उद्धार स्वरूप दिए गए। सिनेपोलिस मॉल से संबंधित कई खुदरा दुकानों ने भी भाग लेने वाले शिक्षकों को खाना और उद्धार प्रदान किए।

इस कार्यक्रम में, एमबीडी ग्रुप के लीगिंग ऐप अमेकेर, जो विद्यार्थियों के लिए चॉइसे, एनिमेशन और आकलन (आकलनआधारितटूल) के पहार कोष महित कई सुविधाएँ प्रदान करता है, को प्रदर्शित किया गया। अमेकेर के आईसिक टैक्नोलॉजी पार्टनर्स एआई एप्लीकेशन द्वारा समर्थित है, जो विद्यार्थियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है और शिक्षकों से सहायक के लिए उपयोगात्मक उपाय सुझाता है।

एक अन्य एमबीडी उत्पाद, एडाप्टिएस (अमेकेर एडॉप्टिव एंड इंटेलिजेंट सीस्टम्स) को इस कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया। एडाप्टिएस स्कूलों के लिए एक बलाउड-आधारितसाफ्ट-टूल-एज-ए-सर्विस है, जो उनकी सभी शिक्षण-अधिगम और प्रशासन-संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है। एडाप्टिएस शिक्षकों को वास्तविक समय परिदृश्य में सहज कक्षाएँ संचालित करने, अपनी चतुर-सामग्री और प्रश्न बनाने, सेदुलिंग असेसमेंट और असाइनमेंट, सुविधाओं का मूल्यांकन और रचनात्मक सहायता करने में सक्षम बनाता है। विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और व्यवस्थापकों के लिए ऐप का सर्वेकलन डैशबोर्ड विद्यार्थियों की समग्र प्रगति की एक झलक देता है।

कोक्षे 10वीं और 12वीं (मत्र-1) के लिए एमबीडी स्पेस सीट ब्रेकडन बैंक को भी इस कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया, जिसे सीबीएसई के जुलाई 2021 के संशोधित पाठ्यक्रम के संबद्ध अनुसरण में बनाया गया है। एमबीडी स्पेस सीट ब्रेकडन बैंक विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, लेखाशास्त्र, बिजनेस स्टडीज, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल और राजनीति विज्ञान के लिए उपलब्ध है। पुस्तकों की मूलय विशेषताओं में पाठ्यपुस्तक वाले चार्ट और मानचित्र, कन्सेप्ट वीडियो, एनिमेशन तक सरलता से पहुँचने के लिए क्यूआर कोड, समाधान / स्पष्टीकरण के साथ बड़ी संख्या में बहुविकल्पी प्रश्न, उत्तर के साथ कथन-कारण प्रकार, प्रकरण-आधारित प्रश्न और अभ्यास परीक्षण सम्मिलित हैं।

एमबीडी ग्रुप की प्रबंध निदेशिका सुश्री मोनिका मनोत्रा कपूरी ने कहा, "शिक्षक शिक्षा प्रणाली की रीढ़ है। शिक्षण सबसे महान और सम्मानित उद्यम है। ये आयोजन समाज के प्रति उनके योगदान को स्वीकार करने और उनकी सराहना करने हेतु हमारे सामाजाजनक प्रयास हैं। कोविड-19 महामारी के कारण शिक्षण ने बड़े पैमाने पर बदलाव आया है और शिक्षक इस स्थिति में पहुँचे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रहे। डाटीक, फूर्तीलियों और कमियों है, जिन्हें प्रभावित रूप में दूर करने की आवश्यकता है। एमबीडी ग्रुप में हम शिक्षकों को उनकी शिक्षण यात्रा में सहायता करने के लिए असेसमा, एडाप्टिएस और एमबीडी स्पेस सीट ब्रेकडन बैंक जैसे समाधान लेकर आए हैं। हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि इन उत्पादों को शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है और ये उनकी शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं।एमबीडी ग्रुप की संयुक्त प्रबंध निदेशिका सुश्री मोनिका मनोत्रा ने कहा, "कोविड-19 के कारण अभूतपूर्व स्थिति के कारण शिक्षा प्रणाली में बड़े पैमाने पर व्यवधान उत्पन्न हुआ है, जिसने शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को बाधित किया है। शारीरिक, शिक्षक हमें बेहतर इलाहन करने और सफलता अर्जित करने में मदद करके हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहते। शिक्षक दिवस के अवसर पर हम सभी शिक्षकों को उनके मार्गदर्शन के लिए और हमें हमारे जुनून का पीछा करने के लिए ही नहीं अपितु हमें हमारे सपनों को पूरा करने के लिए उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद करना चाहते हैं। यह दिन उन चुनौतियों को स्वीकार करने का अवसर प्रदान कराता है जिनका शिक्षक सामना करते हैं और जो विशेष भूमिका ने हमारे जीवन में निभाते हैं और सामान्य रूप से विद्यार्थियों और समाज के साथ विकास के लिए हम उनके योगदान को सलाहन करते हैं।"

एमबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती सतीश बाला मल्होत्रा ने कहा, "एमबीडी ग्रुप हमारे संस्थापक के मूल मूल्यों मानवीयता, करुणा और सहज द्वारा निर्देशित है। उद्यान और दया की इस परंपरा को जारी रखते हुए, हम एमबीडी ग्रुप में शिक्षा क्षेत्र, विशेषकर शिक्षकों की चिंताओं के लिए संवेदनशील बना रहता है। हम एमबीडी ग्रुप में शिक्षा क्षेत्र, शिक्षकों के साथ मजबूत और दया की इस परंपरा को जारी रखते हुए, हम एमबीडी ग्रुप में शिक्षा क्षेत्र, विशेषकर शिक्षकों की चिंताओं के लिए संवेदनशील बना रहता है। हम एमबीडी ग्रुप में शिक्षा क्षेत्र, शिक्षकों के साथ मजबूत और सम्मानित के लिए उद्धार स्वरूप दिए गए।

अमृत महोत्सव व शिक्षक दिवस के अवसर पर 96 शिक्षकों को शाल व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

एसबीसीएल/देश प्यार हेमन्त कुमार अग्रहरि) 05 सितम्बर, 2021

शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद की चेयरमैन अभिलाषी/प्रदेश की प्रथम निदेशक डा0ए0 सैलिकल मल्टीपर्पज कार्पोरेशन लिमिटेड कंचन वर्मा, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, विधायक राम गोत्र राजभर, एमएलसी ज्योति बिन्दे, मुख्य विकास अधिकारी ईशा सिंह, डीआईओएस अमर सिंह राणा, उपजिलाधिकारी सुरभि प्रसाद कुशवा, अपर जिला सूचना अधिकारी ईशा सिंह ने जनपद मजिस्त्रों को विशेषकर शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके बेहतरमय भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि डा0 सर्वेपल्ली राधाकृष्णन का दार्शनिक चिन्तन, जीवन मूल्यों को लोक जीवन में संचारित करने की दृष्टि एवं ऐसे सामाजिक मूल्यों के प्रति समर्पण कालजयी है। जो पूर्ण-पूर्ण तक राष्ट्र व समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा। शिक्षक समाज की पूरी होती है। कर्तव्य समय में बच्चों के भविष्य को निखारने व सवारने की अभिभावक के साथ शिक्षकों की भी अधिक जिम्मेदारी है। देश व समाज का निर्माता शिक्षक होता है।

आजादी के अमृत महोत्सव व शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज के प्रांगण में शिक्षकों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एमएलसी ज्योति बिन्दे द्वारा की गई। आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि समाज मण्डल की आधारशिला शिक्षक होते है कोरोना काल में भी शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही उन्होंने ऑनलाइन के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देकर अनवरत कार्यशैली का निर्वहन किया।

बच्चों के भविष्य है जिसे निखारने सवारने की जिम्मेदारी शिक्षकों की अधिक होती है। सरकार व शासन द्वारा शिक्षकों की बेहतरी के लिए अनेक कार्य कर रही है। एमएलसी ज्योति बिन्दे ने विधायक राम गोत्र राजभर ने भी शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के सम्मान में अनेक महत्वपूर्ण जिसमूल जानकारियां दी और कहा कि शिक्षकों को शिक्षा के कारण ही देश व समाज का विकास हो रहा है। चेयरमैन अभिलाषी कंचन वर्मा, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी ईशा सिंह, एमएलसी ज्योति बिन्दे व विधायक ने मार्गदर्शक शिक्षक के 96 शिक्षकों को शाल व प्रशस्ति पत्र संयुक्त रूप से देकर सम्मानित किया। इसके अलावा शिक्षकों व शिक्षा के मालत के बारे में विस्तार से बताया।